# यूपी आएंगे यूके, यूस, जर्मनी व ऑस्ट्रेलिया के पर्यटक प्रतिनिधि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड 22 से 30 अप्रैल तक एक विशेष फैमिलियराइजेशन (फैम) ट्रिप का आयोजन कर रहा है। इसके तहत भारत सहित यूके, यूएस, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख पर्यटन व्यवसायियों का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश भ्रमण पर आ रहा है। यह दल लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, कन्नौज, दुधवा नेशनल पार्क तक भ्रमण करेगा।

**उप्र ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड 22 से 30 अप्रैल तक करा रहा फैम ट्रिप**

**लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, कन्नौज, दुधवा नेशनल पार्क जाएंगे**

यह ट्रिप विदेशी टूर ऑपरेटरों को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से परिचित कराने और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस दल में पर्यटन व्यवसायियों के साथ-साथ पत्रकार और ट्रैवल राइटर्स भी शामिल हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 22 अप्रैल को इस दल के भ्रमण की शुरुआत आगरा से होगी। इसके बाद यह इत्र नगरी कन्नौज जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यह दल दुधवा नेशनल पार्क, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य का भ्रमण करते हुए राजधानी लखनऊ पहुंचेगा। यहां वे ऐतिहासिक स्थलों के साथ-साथ लखनऊ की मशहूर चिकनकारी और प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद लेंगे। ब्यूरो